<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

इरेडा द्वारा पहली तिमाही में मजबूत वृद्धि दर्ज ; संवितरण में 31% का उछाल, ऋण बुक में 27% की वृद्धि

नई दिल्ली, 30 जून 2025

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) द्वारा वित्तीय वर्ष की शानदार शुरुआत की गई है और 30 जून, 2025 को समापन पहली तिमाही के दौरान अपने प्रमुख वित्तीय संकेतकों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है, जोकि अनंतिम आंकड़ों पर आधारित है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में ऋण स्वीकृतियां 29% बढ़कर ₹11,740 करोड़ हो गईं, जोकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में यह ₹9,136 करोड़ थी। ऋण संवितरण 31% बढ़कर ₹6,981 करोड़ हो गई , जोकि वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही के दौरान ₹5,326 करोड़ थीं। कंपनी की बकाया ऋण बुक में भी मजबूत वृद्धि दर्ज की गई, जोकि 30 जून 2025 तक बढ़कर ₹79,960 करोड़ तक पहुंच गई, जोकि पिछले वित्तीय वर्ष की इसी तिमाही में ₹63,207 करोड़ रुपए से 27% अधिक है।

इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री प्रदीप कुमार दास ने कहा कि, "हमारी पहली तिमाही की वृद्धि भारत के नवीकरणीय ऊर्जा पारिस्थितिकी प्रणाली को सशक्त बनाने के लिए इरेडा की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करती है। ये संख्याएँ बढ़ती मांग और प्रभावी वित्तपोषण समाधानों के साथ प्रतिक्रिया देने की हमारी तत्परता, दोनों ही को दर्शाती हैं।"

उन्होंने माननीय केंद्रीय मंत्री,नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ; माननीय राज्य मंत्री, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय; एमएनआरई के सचिव; निदेशक मंडल; और सभी हितधारकों से लगातार मिले समर्थन की सराहना की और इरेडा की टीम को उनके अथक योगदान के लिए सराहना की।

आंकड़े अनंतिम हैं और लेखापरीक्षा के अधीन हैं।

****